भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1433

जिसका उत्तर 04 दिसंबर, 2024 को दिया जाना है

आंध्र प्रदेश में कोयला भंडार

1433. डॉ. गुम्मा तनुजा रानीः

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में कुल कोयला उत्पादन का ब्यौरा क्या है;

(ख) आंध्र प्रदेश में मापे गए/संकेतित कोयला भंडारों का ब्यौरा क्या है;

(ग) भंडारों के ग्रेड, यदि कोई हों, का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार आंध्र प्रदेश में कोयला भंडार के नए स्थानों की खोज या पहचान करने का प्रयास कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कोयला एवं खान मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) : पिछले तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में कोयले का कोई उत्पादन नहीं हुआ है।

(ख) और (ग) : 01.04.2024 तक की स्थिति के अनुसार कोयला और लिग्नाइट के लिए राष्ट्रीय इनवेंटरी के अनुसार आंध्र प्रदेश राज्य में मापित और संकेतित कोयला संसाधनों का ग्रेड-वार विवरण निम्नानुसार है:

[आंकडें मिलियन टन (मि.ट.) में)]

मापित						
जी 1- जी 3	जी 4- जी 5	जी 6	जी 7 - जी 8	जी 9 - जी 14	जी 15 - जी 17	कुल
0.00	0.06	0.45	14.94	892.81	116.39	1024.65

[आंकड़ें मिलियन टन (मि.ट.) में)]

संकेतित						
जी 1- जी 3	जी 4- जी 5	जी 6	जी 7 - जी 8	जी 9 - जी 14	जी 15 - जी 17	कुल
0.00	0.00	2.89	22.84	2128.72	214.49	2368.94

(घ) : अन्वेषण के माध्यम से कोयले के खनन के लिए नए क्षेत्रों की खोज करना एक सतत प्रक्रिया है। सरकार आंध्र प्रदेश सहित पूरे देश में कोयला संसाधनों के नए स्थलों की पहचान करने के लिए अन्वेषण कर रही है। दो उप योजनाएं हैं अर्थात कोयला और लिग्नाइट के नए क्षेत्रों के अन्वेषण के लिए कोयला मंत्रालय की केंद्रीय क्षेत्र स्कीम (सीएसएस) के माध्यम से जारी संवर्धनात्मक (क्षेत्रीय) अन्वेषण और गैर-सीआईएल ब्लॉकों में विस्तृत अन्वेषण।

सेन्ट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट लिमिटेड (सीएमपीडीआईएल) और भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) कोयले सहित खनिजों का अन्वेषण और अनुसंधान करते हैं। वर्तमान में, आंध्र प्रदेश राज्य में सीएमपीडीआईएल द्वारा कोई कोयला अन्वेषण नहीं किया जा रहा है।

*****